DEPARTMENT OF ENVIRONMENT, FORESTS & WILDLIFE
GOVERNMENT OF NCT OF DELHI
World
ENVIRONMENT DAY
SAY NO TO PLASTIC
दिल्ली सरकार
LiFE

DEPARTMENT OF ENVIRONMENT, FORESTS & WILDLIFE
GOVERNMENT OF NCT OF DELHI
World
ENVIRONMENT DAY
SAY NO TO PLASTIC
दिल्ली सरकार
LiFE

दिल्ली सरकार
पेड़ लगाओ
ज़िंदगी बचाओ।
विश्व
पर्यावरण दिवस
पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर
पर्यावरण सम्मेलन
05 जून, 2023
स्थल: मेन हॉल, त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

आज 5 जून 2023 सोमवार को 50वें विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली सरकार की ओर से मेन हॉल, त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों के अनेकों छात्र–छात्राएँ, अध्यापक अध्यापिकाएँ उपस्थित रहे। दिल्ली सरकार के पर्यावरण व वन्य मंत्री श्री गोपाल राय जी के सानिध्य में कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था। बच्चों ने गीत की प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के संदेश दिए। कुछ विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा बताया कि प्लास्टिक के प्रयोग से जीव–जंतु व पशु–पक्षियों का जीवन नष्ट हो रहा है। हमारी नदियाँ प्रदूषित हो गई हैं। समय रहते अगर मनुष्य जागरुक नहीं हुआ तो वो दिन दूर नहीं जब मनुष्यों को ऑक्सीजन के सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री अरविंद केजरीवाल (मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार) ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सभी से आह्वान किया कि प्रदूषण के खिलाफ हम सभी को मिलकर लड़ाई लड़नी है तभी हम दिल्ली को प्रदूषण मुक्त कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में हमारे ज्ञान भारती स्कूल साकेत के अध्यापक मोहन व अंकिता चौधरी तथा दसवीं की दो छात्राएँ आरना वधावन व अक्षिता उपस्थित रहे। आज का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा।